प्रादेशिक समाचार
दिनांक– 30.08.2025 (दोपहर–1310 बजे)

मुख्य समाचार

1. सीबीआई की विशेष अदालत राज्य के पूर्व मंत्री एनोस एक्का समेत 10 दोषियों के खिलाफ आज सुनायेगी सजा, सीएनटी एक्ट के उल्लंघन मामले में कल ठहराये गये थे दोषी।।
2. विपक्ष के उपराष्ट्रपति पद के उम्मीदवार बी. सुदर्शन रेड्डी अब से थोड़ी देर बाद पहुंचेंगे रांची, मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन करेंगे यूपीए सांसदों के समर्थन की औपचारिक घोषणा।
3. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कल सवेर 11 बजे आकाशवाणी से मन की बात कार्यक्रम में अपने विचार और अनुभव करेंगे साझा।
4. केन्द्रीय टीम ने रांची के बुंडू प्रखंड का किया दौरा, ग्रामसभा को मजबूत बनाने, जनभागीदारी बढ़ाने और महिलाओं को सशक्त बनाने पर दिया बल।
5. सरायकेला–खरसांवा में ग्रामीण व स्वदेशी जनजातीय खेलकूद प्रतियोगिता शुरु, जनजातीय क्षेत्र के दो सौ से अधिक खिलाड़ी ले रहे हैं हिस्सा।

****

सीएनटी एक्ट का उल्लंघन कर बड़े पैमाने पर आदिवासियों की जमीन खरीदने के मामले में सीबीआई की विशेष अदालत आज पूर्व मंत्री एनोस एक्का और उनकी पत्नी मेनन एक्का समेत कुल 10 दोषियों को सजा सुनायेगी। कल अदालत ने सभी को दोषी करार दिया था।

****

विपक्ष के उपराष्ट्रपति पद के उम्मीदवार बी. सुदर्शन रेड्डी थोड़ी ही देर बाद रांची पुहंचेंगे। वे मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से मुलाकात करेंगे। मुख्यमंत्री आवास पर होने वाली इस बैठक में इंडिया गठबंधन के सहयोगी दलों के नेता और सभी सात सांसदों को मौजूद रहने के लिए कहा गया है। जानकारी के अनुसार बैठक के बाद मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन इंडिया गठबंधन के सांसदों का श्री रेड्डी को समर्थन देने की औपचारिक घोषणा करेंगे।

****

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कल सवेरे ग्यारह बजे आकाशवाणी के मासिक रेडियो कार्यक्रम मन की बात कार्यक्रम में विभिन्न विषयों पर अपने विचार साझा करेंगे। यह कार्यक्रम आकाशवाणी और दूरदर्शन नेटवर्क, आकाशवाणी समाचार की वेबसाइट और न्यूज़ऑनएयर मोबाइल ऐप पर प्रसारित किया जाएगा। इसका सीधा प्रसारण आकाशवाणी समाचार, डीडी न्यूज़, प्रधानमंत्री कार्यालय और सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय के यूट्यूब चैनलों पर भी किया जाएगा।

****

केन्द्रीय पंचायती राज मंत्रालय के निदेशक विपुल उज्ज्वल और सलाहकार डॉ रौनक अहमद ने रांची के बुंडू प्रखंड का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने पेसा संबंधित ग्राम प्रधानों के प्रशिक्षण का जायजा लिया और प्रखंड के सभी ग्राम प्रधानों के साथ एक बैठक में शामिल हुए। बैठक में सुशासन, योजनाओं के क्रियान्वयन और ग्राम विकास से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की गई। अधिकारियों ने ग्रामसभा को मजबूत बनाने, जनभागीदारी बढ़ाने और महिलाओं को सशक्त बनाने पर भी बल दिया।

****

दुमका के डीआईजी अंबर लकड़ा ने सड़क हादसों की बढ़ती संख्या पर चिंता व्यक्त की है। उन्होंने इस पर नियंत्रण के लिए प्रभावी कदम उठाने का निर्देश दिया है। जामताड़ा जिले के नाला एसडीपीओ कार्यालय का वार्षिक निरीक्षण के दौरान उन्होंने सड़क हादसों के साथ–साथ आर्थिक अपराध और अनुसंधान को लेकर पुलिस पदाधिकारियों आवश्यक दिशा निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि सड़क हादसों में जख्मी व्यक्तियों को अस्पताल पहुंचाने एवं मदद करने वाले व्यक्ति को सरकार की ओर से 24 घंटे के अंदर 25 हजार रुपए की सहायता राशि प्रदान की जाएगी।

****

करम पर्व से पहले राज्य सरकार की ओर से मंईयां सम्मान योजना की 13वीं किस्त के रूप में 2500 की राशि लाभुकों के बैंक खातों में भेजी जाएगी। इस संबंध में सामाजिक सुरक्षा विभाग ने सभी जिलों को दिशा–निर्देश जारी कर दिए हैं।

****

रांची नगर निगम के ट्रैक्टर चालक आज से हड़ताल पर चले गये हैं। ट्रैक्टर चालकों का कहना है कि उन्हें पिछले 14 माह से भुगतान नहीं किया गया है, जिससे उनकी मुश्किलें बढ़ गयी हैं।

****

गिरिडीह जिले में आदि कर्मयोगी अभियान के तहत 143 जनजातीय बहुल गांवो का समग्र विकास किया जायेगा।

****

गिरिडीह जिले के तिसरी प्रखंड में आज एक सड़क दुर्घटना में दो लोगों की मौत हो गयी जबकि 5 अन्य घायल हो गये। सभी घायलों का राजधनवार के अस्पताल में भर्ती कराया गया है। खोरीमहुआ के एसडीपीओ राजेंद्र प्रसाद ने मौत की पुष्टि करते हुए बताया कि सभी राजधनबार के पंचरुखी गांव से तिसरी प्रखंड स्थित जमामो माता पूजा करने के लिए जा रहे थे। रास्ते में हथिया चट्टान के पास चढ़ाई में टेम्पो नहीं चढ़ सका और नीचे की ओर लुढ़कर दुर्घटना ग्रस्त गया।

****

सर्राफा बाजार में आज रांची में 22 कैरेट सोने का भाव 97 हजार 2 सौ रुपये प्रति दस ग्राम है जबकि चांदी की कीमत एक लाख 25 हजार रुपये प्रति किलो है।

****

राजधानी रांची समेत राज्य के 11 जिलों में आज बारिश और वज्रपात की संभावना जतायी गयी है। मौसम विभाग के अनुसार रांची, गढ़वा, पलामू, लातेहार, लोहरदगा, गुमला, खूंटी, सिमडेगा, पूर्वी और पश्चिमी सिंहभूम और सरायकेला–खरसांवा में बारिश के साथ वज्रपात की संभावना को देखते हुए येलो अलर्ट जारी किया गया है। मौसम विभाग ने कहा है कि कई जिलों में चार सितंबर तक बारिश का सिलसिला जारी रहेगा।

****

कला– संस्कृति, खेलकूद एवं युवा कार्य विभाग की ओर से सरायकेला–खरसांवा जिले के बिरसा मुंडा स्टेडियम में ग्रामीण तथा स्वदेशी एवं जनजातीय खेलकूद प्रतियोगिता शुरु हो गयी है। प्रतियोगिता में जनजातीय क्षेत्र से लगभग 200 से अधिक प्रतिभागी हिस्सा ले रहे हैं। इसका शुभारंभ उपायुक्त नीतीश कुमार सिंह और एसपी मुकेश लुनायत ने संयुक्त रुप से किया। जनजातीय खेलों को बढ़ावा देना उद्देश्य यह प्रतियोगिता आयोजित की गयी है। प्रतियोगिता के दौरान गुलेल, शेकर तीरंदाजी, चेस एवं मटका दौड़ समेत कुल पांच तरह की स्पर्धाएं होंगी।

****